भारत सरकार

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1039

बुधवार, 10 फरवरी, 2021/21 माघ, 1942 (शक)

अखिल भारतीय प्रवासी कामगार सर्वेक्षण

1039. श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:
श्री दिग्विजय सिंहः
श्रीमती फूलो देवी नेतमः
श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने अखिल भारतीय प्रवासी कामगार सर्वेक्षण आरंभ कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो इसके पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार सर्वेक्षण के माध्यम से विस्तृत अलग-अलग आंकड़े एकत्र करेगी; और

(ड.) यदि हां, तो लिंग, समुदाय, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़े वर्ग सहित श्रेणियों और विषय-वस्तुओं का ब्यौरा क्या है जिनके जरिए आंकड़े एकत्र किए जाएंगे?

उत्तर

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ड.): श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, श्रम ब्यूरो को प्रवासी कामगारों के संबंध में अखिल भारतीय सर्वेक्षण कराने का कार्य सौंपा गया है।

भारत सरकार द्वारा 9 सितम्बर, 2020 को एक विशेषज्ञ दल का गठन किया गया है जो श्रम ब्यूरो द्वारा कराए जा रहे उक्त सर्वेक्षण की अनुसूचियों, प्रतिदर्श संरचना एवं अन्य तकनीकी विवरणों की जांच के उपरांत उसे अंतिम रूप देगा।

****